2- MAY- BSP- P-1_Layout 1 5/2/2025 12:07 PM Page 1


# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 मई 2025


तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री



सत्यम चौक के पास नाली का चेम्बर टूटा।



# 10 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूल होंगे बंद, जिले में ऐसे 14 स्कूल

## कोटा ब्लाक में सबसे अधिक 10

- पास के स्कूलों में किए जाएंगे मर्ज, अतिशेष शिक्षक भी दूसरे स्कूल भेजे जाएंगे
- स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया फिर से शुरू होने वाली है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

जिन प्राइमरी और मिडिल स्कूल में छात्रों की संख्या 10 से कम है, वे पास के स्कूलों में मर्ज किए जाएंगे। इसके बाद अतिशेष शिक्षक दूसरे स्कूलों में भेजे जाएंगे।

दरअसल प्रदेश के स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया फिर से शुरू होने वाली है। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टर और डीईओ को पत्र भेजा है। शालाओं के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया 7 मई से 25 मई तक और शिक्षकों के लिए 15 मई से 10 जून तक चलेगी। बिलासपुर में ऐसे स्कूलों की संख्या 14 है। इसमें कोटा ब्लाक में सबसे अधिक 10 स्कूल, मस्तूरी और तखतपुर में 2-2 स्कूल हैं।

ज्ञात हो कि युक्तियुक्तकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने पिछले साल प्रक्रिया शुरू की थी। 2 अगस्त को इसके लिए आदेश जारी किया था। विवाद बढ़ने और चुनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। अब इसे फिर से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में या निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं तो इनका युक्तियुक्तकरण होगा। साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।

### छात्रों की संख्या के अनुपात में गणना होगी

इसके लिए शिक्षा विभाग ने फार्मूला तय किया है। इसके अनुसार स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक विषय के लिए स्वीकृत पद के विरुद्ध एक से अधिक कार्यरत व्याख्याता में से अतिशेष का युक्तियुक्तकरण होगा। इसी तरह एक ही परिसर में मर्ज हुए प्राइमरी स्कूलों के छात्रों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की गणना होगी। प्रधान पाठक शिक्षकीय पद है, इसलिए इसकी गणना शिक्षकीय पद के रूप में होगी। युक्तियुक्तकरण वाले प्राइमरी स्कूलों में दर्ज संख्या 60 या इससे कम है तो वहां एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक रहेंगे। कम छात्रों वाले स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के लिए यह फार्मूला अपनाया जाएगा।

### दूरी कम और छात्रों की दर्ज संख्या कम, उनका समायोजन




जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी के मुताबिक युक्तियुक्तकरण के लिए कमेटी बनेगी। इनका काम स्कूलों को चिह्नित करना और सूचीबद्ध करना है। इसके अलावा अतिशेष शिक्षकों को चिह्नित, सूचीबद्ध करना और रिक्त पदों की शालावार सूची बनाना भी उनकी जिम्मेदारी है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक स्कूलों को चिह्नित किया जाएगा। एक ही स्तर के दो विद्यालय जिनके बीच दूरी कम और छात्रों की दर्ज संख्या कम हो उनका समायोजन होगा। ऐसे स्कूलों की दूरी शहरी क्षेत्र में 500 मीटर और छात्रों की दर्ज संख्या 30 से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में दूरी एक किलोमीटर से कम और दर्ज संख्या 10 से कम होनी चाहिए।

### किया जाएगा समायोजन

एक ही स्तर के दो विद्यालय जिनके बीच दूरी कम और छात्रों की दर्ज संख्या कम हो उनका समायोजन होगा। ऐसे स्कूलों की दूरी शहरी क्षेत्र में 500 मीटर और छात्रों की दर्ज संख्या 30 से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में दूरी एक किलोमीटर से कम और दर्ज संख्या 10 से कम होनी चाहिए। इसके लिए शिक्षा विभाग ने फार्मूला तय किया है। इसके अनुसार स्कूलों को मर्ज किया जाएगा।

- अनिल तिवारी
जिला शिक्षा अधिकारी

## पुलिस ने तैयार की प्रश्नावली, हो सकता है बड़ा खुलासा

# फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट को पुलिस ने कोर्ट में किया पेश



पूर्व विस अध्यक्ष व विधायक पं. स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के गलत इलाज से मौत का मामला

अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर को दमोह से रिमांड पर लाया जा रहा शहर

अपोलो ने सौंपी सीएमएचओ को फाइल पूर्व विधायक की मौत से उठ सकेगा पर्दा

न्याय यात्रा आज: बैज, पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष डा. महंत होंगे शामिल

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### विशेष डाक्टर द्वारा हर 6 घंटे में की जाएगी मेडिकल जांच



फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट को कोर्ट ले जाती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एमपी के दमोह से फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र केम जॉन को सरकंडा पुलिस शहर लेकर आई, यहां उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने जिला न्यायालय के जज कृष्ण मुरारी शर्मा की कोर्ट के आदेश पर आरोपी डाक्टर को एक दिन की रिमांड में लिया है। इस दौरान पुलिस डाक्टर कड़ी पूछताछ करेगी। पुलिस ने डाक्टर से पूछताछ के लिए टीम तैयार की है और उसके किए गए कारनामों का खुलासा होने की उम्मीद है।

अपोलो अस्पताल में फर्जी कार्डियोलाजिस्ट द्वारा लोगों की हार्ट सर्जरी करने वाले और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के साथ ही अन्य मरीजों की मौत के मामले में सरकंडा पुलिस ने डॉ नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव को बिलासपुर लेकर पहुंच चुकी है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे डॉ नरेंद्र केम जॉन को कोर्ट में पेश किया गया, जिला कोर्ट ने डॉक्टर को पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इसके बाद पुलिस ने तहसील कार्यालय पहुंचकर डाक्टर नरेन्द्र केम जॉन की शिनाख्त कराई। बताया जा रहा है कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की मौत, फर्जी प्रमाण पत्र, अपोलो में नियुक्ति, अब तक के सर्विस रिकार्ड और कार्डियोलाजिस्ट के तौर पर किए आपरेशन से संबंधित कई बातों को लेकर पुलिस ने लंबी लिस्ट तैयार की है। 1 दिन के रिमांड में पुलिस इन सभी बिन्दुओं में डाक्टर से पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि डाक्टर की तबीयत पूरी तरह से ठीक है, लेकिन पुलिस विशेष डाक्टरों से उसके स्वास्थ्य की जांच कराई जाएगी। हर 6 घंटे में डॉ केम के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

### यह था मामला

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला की तबियत बिगड़ने पर 2 अगस्त 2006 को अपोलो में भर्ती किया गया था, बताया जा रहा है कि डॉ. केम पहले से ही उनका इलाज कर रहे थे और उसने उनकी एंजियोग्राफी और एंजियाप्लास्टी भी की थी। इस संबंध में अपोलो ने स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट सौंपी है। पिता की मौत के बाद उनके पुत्र डॉ. प्रदीप शुक्ला ने डॉ. केम के आपरेशन और इलाज पर शंका जाहिर की थी और पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से डॉ. केम पर जांच करने की मांग की थी।

### डाक्टर की डिग्री पर उठे सवाल

दमोह में आपरेशन के बाद 7 लोगों की मृत्यु होने के बाद डा. केम की पोल खुल गई। जांच के दौरान डॉ. केम की डीएम कार्डियोलॉजी की डिग्री फर्जी पाई गई। वहीं छग मेडिकल काउंसिल में भी डिग्री का पंजीयन नहीं होने की बात सामने आ चुकी है, ऐसे में डाक्टर केम को एंजियोप्लास्टी करने का अधिकारी नहीं है।

### अपोलो ने झाड़ा पल्ला

पूरे मामले में अपोलो अस्पताल ने डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव की नियुक्ति को लेकर प्रबंधन ने पल्ला झाड़ते हुए उसकी नियुक्त को चेन्नई स्थित हेडक्वार्टर से होना बता दिया है, इस मामले में अपोलो प्रबंधन नियुक्ति पत्र के अलावा कोई भी दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग को नहीं सौंपा है, ऐसे में अपोलो की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

# फर्जी मेडिकल बिल लगा 30 लाख निकालने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### कलेक्टर से शिकायत के बाद डीईओ ने बनाई जांच कमेटी

- अपने और अपने परिजनों के नाम पर बीईओ कार्यालय बिल्हा में बिल पेश कर दिया

एशिया के सबसे ब्लाक बिल्हा के एक स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक ने चिकित्सा सुविधा के नाम पर बोगस मेडिकल बिल जमा कर 30 लाख रुपए निकालने की साजिश रच ली। इससे पहले की बिल भुगतान होता कलेक्टर से इस मामले की शिकायत कर दी गई। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। बिल्हा ब्लॉक में पदस्थ शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और परिजनों के नाम पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा में फर्जी मेडिकल बिल जमा किया। फर्जी मेडिकल बिल को विभाग ने राज्य कार्यालय को फारवर्ड कर राशि भी मंगा ली। भुगतान होता इसके पहले ही शिकायतकर्ता धनंजय ने बिलासपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर बिल्हा ब्लाक में फर्जी मेडिकल बिल के नाम पर फर्जीवाड़ा की शिकायत की है। शिकायत में लिखा है कि शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और अपने परिजनों के नाम पर बीईओ कार्यालय बिल्हा में 30 लाख का बिल प्रस्तुत किया है।

### जिस वक्त बीमार बताया उस वक्त ड्यूटी में था

शिक्षक ने जिस वक्त उसने अपने आपको बीमार बताकर इलाज का बिल पेश किया है उस वक्त ड्यूटी में भी उपस्थित थे। शिकायत के अनुसार साधे लाल पटेल ने 29 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय से स्वीकृत बिल कार्यालय में प्रस्तुत किया है जिसके अनुसार 77,564 रुपए की राशि उनके द्वारा इलाज पर खर्च की गई है और जिस बिल को उन्होंने जमा किया है वह बिल मूल रूप से शिक्षक असीम वर्मा का है, जिसको कूटरचित कर उन्होंने प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार अपने परिचित उमाशंकर चौधरी का 27 अगस्त 2024 को 5 लाख 42 हजार 535 रुपए का बिल प्रस्तुत किया है जो की मूल रूप से असीम वर्मा का है और 1,43,000 रुपये का बिल है। इसी तारीख को स्वीकृत एक और बिल राजकुमारी पटेल का है जो 4 लाख 3 हजार 327 रुपए का है जबकि मूल रूप से यह बिल 47 हजार का है।

### दूसरे के नाम के बिल की कूटरचना

इसी प्रकार एक बिल स्व नरेंद्र कुमार चौधरी के नाम से 5 लाख 33 हजार 123 रुपए का प्रस्तुत किया गया है जो जिला चिकित्सालय से 18 जनवरी 2022 को पास किया गया है जबकि मूल रूप से यह बिल 32 हजार रुपए का है। राजकुमारी पटेल के नाम से 7 लाख 32 हजार 841 रुपए का फर्जी बिल प्रस्तुत किया गया है। दूसरे के नाम के बिल को अपना बात कर और राशि को बढ़ाकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बिल प्रस्तुत किया है। डीईओ अनिल तिवारी ने दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जांच कमेटी में हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य एसके कश्यप व हायर सकर्केंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे को जांच करने और रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

## राशन दुकान संचालन के लिए आवेदन 16 तक

**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मोहदा, निपनिया, पिरैया, सरवानी एवं सिलपहरी में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियों, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियों से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर द्वारा 16 मई तक आवेदन सीलबंद लिफाफे में मंगाए गए हैं।

# वकील ने मुवक्किल को अंधेरे में रखकर किया फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### हाइकोर्ट ने सजा के खिलाफ पेश अपील खारिज की



- सह अभियुक्त पटवारी एवं दस्तावेज लेखक को दोषमुक्त

जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने किसान को मादक द्रव्य देकर फर्जी बिक्री विलेख तैयार पर 8.85 एकड़ जमीन अपने नाम पंजीयन कराने के आरोपी वकील व उसके सहयोगी गवाह की अपील को खारिज करते हुए सत्र न्यायालय के आदेश को यथावत रखा है। इस मामले के दो आरोपी पटवारी एवं दस्तावेज लेखक की संलिप्तता सिद्ध नहीं होने पर दोषमुक्त किया है। आरोपी वकील को फरवरी 2016 में 3 वर्ष की कैद हुई की सजा सुनाई गई थी।

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा निवासी शिकायतकर्ता मेहर चंद पटेल ने 2013 में सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत की। शिकायत में कहा गया कि उसके पास ग्राम खैरा में 8.85 एकड़ कृषि भूमि थी। बिलासपुर जिला न्यायालय में वकालत करने वाला वकील उन्हें कानूनी सलाह दिया करता था। वकील ने शिकायतकर्ता को जमानत लेने के बहाने बुलाया एवं बाद में कुछ मादक द्रव्य देकर बिक्री विलेख पंजीकृत करा सम्पूर्ण 8.85 एकड़ भूमि अपने नाम करा ली। इसकी शिकायत मार्च 2013 में सिविल लाइन थाने में की गई। शिकायत सही पाई गई तो पुलिस ने मामले में वकील सीताराम कैवर्त निवासी खैरा, 22 बिन्दु जारी करने वाले तत्कालीन पटवारी अशोक व दस्तावेज लेखक देवनाथ यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया।

### सत्र न्यायालय ने तीन साल की सजा सुनाई

सत्र न्यायालय बिलासपुर ने फरवरी 2016 में सभी को विभिन्न धारा में 3 वर्ष कैद एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग अपील पेश की। जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट में अपील पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने पाया कि बिक्री विलेख में हस्ताक्षर शिकायतकर्ता मेहर चंद के नहीं थे। वकील ने जाली बिक्री विलेख तैयार किया था। इसी प्रकार उसके सहयोगी सीताराम कैवर्त गवाह की भी अपराध में संलिप्तता सिद्ध होना पाया गया। इस आधार पर कोर्ट ने अपीलकर्ता वकील सीताराम कैवर्त की अपील को खारिज करते हुए अदालत के निर्णय को यथावत रखा है।

## वर्ष 2018 में हुआ था सर्वे, सात साल बाद फिर बन रही सूची

# प्रधानमंत्री आवास पाने दो लाख लोगों ने ठोंकी दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए हितग्राहियों के चयन के लिए जिले में सर्वे का कार्य प्रारंभ है। पंद्रह अप्रैल से प्रारंभ हुए सर्वे को अभी महज पंद्रह दिन ही बीते हैं और जिले से 1 लाख 95 हजार 551 लोगों ने अपनी दावेदारी ठोंक दी है। सर्वे के दौरान प्राप्त आंकड़ों के हिसाब से अब इनकी स्क्रूटनी की जाएगी। सरकार द्वारा तय नियमों के दायरे में आने वाले हितग्राहियों को पात्रता के आधार पर आवास का आबंटन किया जाएगा।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नए हितग्राहियों की खोज हेतु जिले में डोर-टू-डोर सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। सर्वे का कार्य पंद्रह अप्रैल से शुरू किया गया था, और आज की स्थिति में लगभग दो लाख लोगों के घरों में सर्वे किए जा चुके हैं। विभाग के अनुसार बीते वर्षों में वर्ष 2011 में इसके लिए सर्वे किया गया था व वर्ष 2017 तक इसी सर्वे सूची के आधार पर आवास आबंटित किए गए। इसके बाद वर्ष 2018 में पुनः पीएम आवास के लिए सर्वे कराया गया था व अब तक उसी सर्वे सूची के आधार पर पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किए जा रहे हैं। जिले के ऐसे लोग जो पीएम आवास पाने से अब तक छूट गए हैं, लेकिन इसके लिए दावेदारी कर रहे हैं, तो उन्हें भी इसका लाभ देने के उद्देश्य से सरकार 15 अप्रैल से सर्वे करा रही है, ताकि आगामी वर्षों में इन्हें भी आवास आबंटित किया जा सके।




हितग्राही खोजने डोर टू डोर सर्वे

### 15 तक बढ़ाई गई सर्वे की अवधि

पूर्व में निर्धारित समय के अनुसार सर्वे का कार्य 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया जाना था। सरकार द्वारा अधिकाधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने के उद्देश्य से अब सर्वे की अवधि 15 दिन बढ़ा दी गई है। इसके अनुसार पीएम आवास हेतु जिले में अब 15 मई तक सर्वे का कार्य किया जा सकेगा।

### इस वर्ष टारगेट प्राप्त नहीं हुआ

पीएम आवास के लिए अब तक लगभग दो लाख लोगों के सर्वे हो चुके है, जिनमें से पात्र लोगों को बीते वर्ष के टारगेट से पीएम आवास दिए जाएंगे। इस वर्ष का टारगेट फिलहाल प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन जिले में हमें कुल 18 लाख आवास आबंटित करने हैं, जिससे पात्र अंतिम व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंच सकेगा।

-**संदीप कुमार अग्रवाल**, सीईओ जिला पंचायत

## खबर संक्षेप

### जिला उद्योग संघ का शपथ ग्रहण समारोह कल

**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 4 मई को शाम 7.30 बजे सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक हैं। शपथ ग्रहण अधिकारी छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया हैं। संघ के अध्यक्ष सतीश शाह व महा सचिव शरद सक्सेना ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### राजनीतिक परिचर्चा में भाग लेंगे प्रबुद्धजन

**बिलासपुर।** पाटीदार भवन उस्लापुर में 8 वें नेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन 3 एवं 4 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। तोरण प्रसाद यादव ने बताया कि 3 मई को करियर गाइडलाइन एवं बिजनेस बिल्डिंग सेमीनार व 4 मई को राजनीतिक परिचर्चा कान्फ्रेंस होगा। इसमें पूरे देश के अलग अलग जगहों से विद्वान शामिल होंगे। साथ ही स्थानीय विद्वान, राजनेताओं एवं प्रबुद्धजन भी भाग लेंगे।

### रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण सेवा शिविर कल

**बिलासपुर।** साधु वासवानी मिशन एवं सिंधु कल्चरल एलायंस फोरम द्वारा मिशन की प्रमुख दीदी कृष्णा कुमारी के जन्मदिवस के अवसर पर विशाल निःशुल्क रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण सेवा शिविर का आयोजन 4 मई रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक सिंधी पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी बिलासपुर में किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क रक्त जांच, दंत परीक्षण, कॉस्मेटोलॉजी जांच कर सर्जरी परामर्श दिया जाएगा। शिविर में डॉ. सुरेश कुमार गिदवानी एकता ब्लड बैंक, डॉ. रौनक कलवानी, डॉ. अंकिता कलवानी, डॉ.अभिषेक कलवानी शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ.एकता कलवानी पैथोलॉजिस्ट सेवाएं देंगे। रक्तदान करने वालों को विशेष उपहार दिया जाएगा।

### बीके 54 अंडरब्रिज बंद रहेगा 6 से

**बिलासपुर।** रोड मरम्मत कार्य के लिए बिलासपुर रेल मंडल ने बीके 54 रेल अंडरब्रिज को बंद करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के जैतहरी से निगौरा स्टेशन के बीच धनगवां रोड में स्थित एलएचएस नंबर बीके 54 रेल अंडरब्रिज को 6 मई से 19 जून तक आवश्यक रोड मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### धूप ने दिखाई तेजी, 4 डिग्री बढ़ा तापमान

**बिलासपुर।** मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, शुक्रवार की सुबह से ही धूप निकली और दिन भर सूरज की धमक ने तापमान में बढ़ोत्तरी कर दी है। इस दौरान लोगों को गर्मी का एहसास भी हुआ लेकिन शाम होते तक एक बार फिर उमड़ घुमड़ के बादल मंडराते रहे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान में अचानक बढ़त देखी गई, इस दौरान पारा 37.2 डिग्री दर्ज किया गया, रायपुर के बाद बिलासपुर में ही सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। खास बात यह रही कि मौसम विभाग की चेतावनी के उलट मौसम दिन भर साफ रहा और शाम होते ही आसमान पर बादल दिखने लगे। इस दौरान मौसम सामान्य रहा, लेकिन दिन भर धूप ने लोगों को गर्मी का एहसास करा दिया, हालांकि चिलचिलाती धूप से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर कम हुआ है लेकिन आने वाले दिनों में एक बार फिर अंधड़ और बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत मजदूर लाभ उठाएं



**बिलासपुर।** भारतीय खाद्य निगम बिलासपुर व्यापार विहार में छग हथलन श्रमिक संघ ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। इसके मुख्य अतिथि नया माल गोदाम ट्रक मालिक संघ एवं रेलवे कामगार मजदूर यूनियन के संरक्षक अभय नारायण राय, विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह छाबड़ा, कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न रात्रे ने की। विशेष अतिथि डिपो प्रबंधक अनूप कुमार, यूनियन के अध्यक्ष राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर एवं रेलवे कामगार मजदूर संघ के उबारन कुर्रे थे । मुख्य अतिथि श्री राय ने मजदूर साथियों से मजदूर दिवस के दिन मिलजुल कर काम करने, कार्यस्थल को स्वच्छ रखने और अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेने कहा। उन्होंने कहा केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी श्रमिक योजनाओं का लाभ हम सबको लेना चाहिए और यूनियन के पदाधिकारी प्रयास करें कि मजदूरों को योजनाओं का लाभ मिले। कार्यक्रम को शत्रुघ्न रात्रे, महेंद्र सिंह छाबड़ा और डिपो प्रबंधक अनूप कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संतोष, गुरुजीत सिंह, धनोआ, मो हसन, कार्तिक राम, शिव कुमार, पिंटू, चंद्रभान गौतम, बलविंदर, विनोद, प्रकाश आदि मौजूद थे।

### विश्व हास्य दिवस पर लाफ्टर महासंघ कल करेगा आयोजन



**बिलासपुर।** पूरे विश्व में मई माह के प्रथम रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में विवेकानंद उद्यान में रविवार 4 मई को दिवस पर शहर के लाफ्टर महासंघ के सभी सदस्य मिलकर कंपनी गार्डन में विविध आयोजन करेंगे। लाफ्टर क्लब महासंघ बिलासपुर के अध्यक्ष राजेंद्र राजू अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर में विभिन्न उद्यानों में प्रतिदिन सुबह लाफिंग एवं योग की क्लास लगती है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क है। विश्व हास्य दिवस के दिन 4 मई रविवार को समस्त लाफ्टर क्लब के साथी अपने-अपने उद्यान से जागरूकता रैली निकाल कर सुबह 8 बजे तक विवेकानंद उद्यान पहुंचेगा। वर्तमान में विवेकानंद हास्य योग केंद्र, विवेकानंद उद्यान, नवजीवन हास्य केंद्र, पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान, व्यापार विहार, अरपांचल लाफ्टर क्लब, स्मृति वन राजकिशोर नगर, संजीवनी हास्य योग केंद्र, रामलीला भवन, तोरवा थाना के पास रेलवे, नवोदय हास्य केंद्र, जिला खेल परिसर सीपत रोड, मित्र मंडल लाफ्टर क्लब, नेहरू नगर, आनंद हास्य योग्य केंद्र, विवेकानंद उद्यान, हरिहर ऑक्सीजोन क्लब, कोन्हेर गार्डन आदि कार्यक्रम को सफल बनाने सभी लाफ्टर क्लब के अध्यक्ष व सदस्य जुटे हैं।

### श्रेष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका हो सकती है अधिक



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग में प्राचार्य के कुशल निर्देशन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. हरिणी रानी आगर के संयोजकत्व में दो दिवसीय पीएचडी साहित्य समीक्षा प्रस्तुतिकरण, परियोजना मौखिकी परीक्षा तथा आमंत्रित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. बिहारी लाल साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश ने की। डॉ. आगर ने विभाग की उपलब्धियों और गतिविधियों से अवगत कराया तथा अतिथियों का अकादमिक परिचय दिया। डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे ने शोध के महत्व और शोध प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. कमलेश ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध ही किसी अकादमिक संस्थान की रीढ़ की हड्डी होती है। कार्यक्रम को डॉ. बिहारी लाल साहू ने कहा कि पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की भूमिका हो सकती है। इसलिए बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आयोजन को सफल बनाने में डॉ . मीनाक्षी पाण्डेय, डॉ. अवनीश सिंह, डॉ. शाजिया अली खान, डॉ. राजकुमार शर्मा, सुश्री अलका शुक्ला, झालेश्वर, पीएचडी के शोध निर्देशकों, शोधार्थियों छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## एजुकेशन प्लस

### नाइस टेक ने प्रतिभागियों को वितरित किया प्रमाण पत्र



**बिलासपुर।** नाइस टेक कम्प्यूटर एजुकेशन में शुक्रवार को भव्य सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें इंफोसिस द्वारा संचालित जीईईटी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 60 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक रविन्द्र ने कहा, यह केवल एक सर्टिफिकेट समारोह नहीं, बल्कि उन विद्यार्थियों की उपलब्धि का उत्सव है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण इंफोसिस, युवा अनस्टॉपेबल और लर्नेट इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स के सहयोग से पूरी तरह निशुल्क प्रदान किया गया, जिससे यह एक समावेशी और समर्पण युक्त पहल बन चुकी है। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया है, निदेशक ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और अपने ज्ञान का सदुपयोग कर भविष्य संवारने की प्रेरणा दी। अंत में रविन्द्र ने नाइस टेक की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। नाइस टेक की ओर से सभी प्रमाण पत्र प्राप्त विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

---

**रेलवे बोर्ड ने दी योजना को स्वीकृति** | **अनूपपुर से कटनी तक किया गया है कार्य**

# बिलासपुर से पेण्ड्रारोड के बीच 2000 करोड़ में बनेगी तीसरी लाइन

**बिलासपुर।** एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत कटनी सीआईसी सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी मुरवारा तक तीसरी लाइन का काम कम्पलीट कर दिया गया है, जिसके उपरांत अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड तीसरी लाइन का काम किया जाना है। इस कार्य के लिए रेलवे बोर्ड ने 2 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए जाएंगे।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी महत्वपूर्ण शहरों को रेल मार्ग द्वारा उत्तर भारत से जोड़ने वाली बिलासपुर-कटनी मार्ग पर तीसरी लाइन का कार्य क्षमता आवर्धन के दृष्टिगत किया गया। इसमें मध्यप्रदेश राज्य में रेल नेटवर्क को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किलोमीटर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में अब इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है। पिछले कई वर्षों से लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। नई तीसरी रेल लाइन के बनने से यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। कटनी सेक्शन के बीच



बनाई गई तीसरी लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए गए हैं। 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है, जिसमें 1 जंक्शन स्टेशन अनूपपुर और दो यात्री हॉल्ट सिंहपुर और विलायतकला है। इसमें 27 बड़े पुल और 108 छोटे पुल निर्माण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवरब्रिज और 16 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया गया है। पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा तक तीसरी लाइन बनने के बाद ट्रेनों के परिचालन में कुछ सुधार तो आया है, लेकिन वर्तमान में बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच में ट्रेनों के आवागमन की समय-सारिणी बिगड़ी हुई है।

इन दोनों स्टेशन के बीच अभी भी दोहरी लाइन पर गाड़ियां चल रही है, जिसमें मालगाड़ियों को चलाने के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी किसी भी जगह घंटो नियंत्रित करना पड़ रहा है। यात्रियों को होने वाली परेशानी और ट्रेनों के समय पर परिचालन करने को लेकर अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का कार्य भी सेंक्शन हो गया है, जिसकी लागत करीब 2 हजार करोड़ रुपए है। इस कार्य की कम्पलीट होने के बाद घंटों दोनों स्टेशन के बीच पहुंचने वाली ट्रेनों के समय में कुछ सुधार हो सकेगा।

#### समय में किया जाएगा सुधार

बिलासपुर से पेण्ड्रारोड के बीच वर्तमान में दो लाइन है, जिसमें तीसरी लाइन का कार्य भी किया जाना है। इसके अलावा दोनों स्टेशन के बीच घंटो लेट पहुंचने वाली यात्री ट्रेनों के संबंध में संबंधित विभाग से जानकारी लेकर समय में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर


---

**न्याय यात्रा के बाद आमसभा में महंत व टीएस ने भी गिनाई प्रदेश सरकार की नाकामी**

# कांग्रेस नेता प्रदेश सरकार के खिलाफ गरजे



शुक्रवार को कांग्रेस की निकाली गई न्याय यात्रा में शामिल लोग।



सभा में उपस्थित पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव व अन्य कांग्रेस नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला कांग्रेस द्वारा अपोलो अस्पताल चौक से स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाली। यह स्वास्थ्य न्याय यात्रा नेहरू चौक पर आमसभा में तब्दील हो गई, जिसमें हुंकार भरते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस स्वास्थ्य न्याय यात्रा की तरह ही प्रदेश सरकार की हर नाकामी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी न्याय यात्रा निकालेगी और कांग्रेस कार्यकर्ता कदम से कदम एवं कंधा से कंधा मिलाकर चलें तो तीन साल में प्रदेश सरकार को उखाड़ फेकेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने न्याय यात्रा को शानदार बताते हुए कहा कि बिलासपुर से आज न्याय यात्रा की शुरुआत हुई है और इसी तरह जिला अध्यक्ष अपने-अपने जिलों में छोटी-छोटी न्याय यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि बस्तर में हम लोगों ने देखा है मलेरिया, सिकलसेल एनीमिया से मौत होती थी जो पिछले पांच सालों में इन बीमारियों से मुक्त हो गया है। आयुष्मान में 5 लाख तक ईलाज की सुविधा देते हैं किन्तु आयुष्मान का 1500 करोड़ बिल का भुगतान नहीं हुआ है जिससे गरीबों को ईलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। सभा को एआईसीसी के ज्वाइंट सेक्रेटरी विधायक देवेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। इस न्याय यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, देवेन्द्र यात्रा पूरा पैदल चले, वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत न्याय यात्रा के शुरू में कुछ दूर साथ चलने के बाद फिर आखिरी में शामिल हुए। न्याय यात्रा में इस न्याय यात्रा के समन्वयक जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, रश्मि सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, नरेन्द्र बोलर, महेश दुबे, जावेद मेमन, विमल अग्रवाल, ऋषि पांडेय, शिल्पी तिवारी, शहजादी कुरैशी सहित कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

#### प्रदेश में सरकार कहां से कौन चला रहा पता नहीं : महंत

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का कहना है कि प्रदेश सरकार कौन चला रहा है और कहां से सरकार चल रही है यह हमको पता ही नहीं चल पा रहा है। शुक्रवार को स्वास्थ्य न्याय यात्रा में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे थे। इस दौरान विधानसभ में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के सांय-सांय कार्यों के बारे में पूछे जाने पर कहा है कि सांय-सांय का तो पता नहीं लेकिन हमको तो पता ही नहीं चल पा रहा है कि सरकार किसकी चल रही है। बिलासपुर में या रायपुर में सरकार किसकी चल रही है। उनका कहना है कि विष्णुदेव साय की सरकार चल रही है या ओपी चौधरी की या उप मुख्यमंत्री सरकार चला रहे हैं। हम लोगों को पता ही नहीं चल रहा कहां से और कौन सरकार चला रहा है। यहां तक भाजपा के लोगों को पता नहीं है। उनका कहना है कि डमी मुख्यमंत्री की बात मैं नहीं कहता, किन्तु कहां से सरकार चल रही है यह पता नहीं।

#### एम्स की मांग की थी इसलिए चुनाव हाराः सिंहदेव

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में काम करना बहुत कठिन है जब मैं स्वास्थ्य मंत्री का पद लिया तो मेरे घर लोगों ने मना किया किया था। लेकिन समर्पित भाव मैं इस क्षेत्र में काम करना चाहता था और मौका भी मिला। उन्होंने कहा कि उस समय जो स्वास्थ्य सुविधा थी उससे वर्तमान में पीछे आ गया है और पहले से ज्यादा उनके पास स्वास्थ्य के मामले को लेकर लोगों के फोन आ रहे हैं। पीएचसी, डीएचसी में खून की जांच की व्यवस्था की थी वो सुविधा आज नहीं है। आयुष्मान कार्ड की बात करते हैं तो प्राईवेट अस्पतालों का लगभग 1200-1500 करोड़ भुगतान बकाया है जिससे लोगों को आयुष्मान से ईलाज का सुविधा नहीं मिल पा रहा है।




उद्‌घाटन अवसर पर उपस्थित डाकघर के कर्मचारी।

# डाक घर ने शुरु की कम दर में पुस्तकें भेजने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय डाक विभाग ने छात्रों के लिए ज्ञान पोस्ट सेवा योजना की शुरुआत की है। इसके माध्यम से छात्र कम दर पर पुस्तक भेज सकेंगे, जिसमें छात्रों को पार्सल ट्रैक करने की सुविधा मिलेगी।

डाकघर अधीक्षक अभिषेक विनय ने बताया कि भारतीय डाक विभाग ने छात्रों, स्कॉलर्स और शोधार्थियों के लिए एक अभिनव और उपयोगी सेवा ज्ञान पोस्ट योजना की शुरुआत की है। यह सेवा बिलासपुर के साथ पूरे देशभर में 1 मई से लागू कर दी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य पाठ्य पुस्तकों और शैक्षणिक साहित्य को डाक के माध्यम से कम लागत में देश के किसी भी कोने तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के माध्यम से पत्राचार और नियमित पाठ्यक्रम की पुस्तकें, शासकीय मान्यता प्राप्त बोर्ड, विवि की अध्ययन सामग्री, सरकारी/स्वायत्त निकायों के प्रकाश, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक साहित्य के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु पाठ्य पुस्तकें भेजी जा सकेगी। इसमें वजन सीमा और दरें भी तय की गई हैं, जिससे छात्रों पर भी ज्यादा भार नहीं होगा। मुख्य रूप से 300 ग्राम तक 20 रुपए, 301 से 500 ग्राम तक 25 रुपए, 501 से 1000 ग्राम तक 35 रुपए, 1001 से 2000 ग्राम तक 50 रुपए, 2001 से 3000 ग्राम तक 65 रुपए, 3001 से 4000 ग्राम तक 80 रुपए और 4001 से 5000 ग्राम तक 100 रुपए की राशि तय की गई है। प्रत्येक बुक आर्टिकल को ट्रैक एन ट्रैक की सुविधा दी गई है, जिससे भेजी गई सामग्री की स्थिति की जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकेगी। यह सेवा देश के सभी डाकघरों में उपलब्ध रहेगी और विद्यार्थियों को पढ़ाई से जुड़ी सामग्री पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# उद्योग संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की कलेक्टर से सौंजन्य भेंट



**बिलासपुर।** नव पदस्थ जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल से शुक्रवार को उद्योग संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने सौंजन्य भेंट किया। सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल को औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण करने आमंत्रित किया। इसमें अध्यक्ष सतीश शाह, महा सचिव शरद सक्सेना, हरीश केडिया, एसपी चतुर्वेदी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ शिक्षा समिति की नई कार्यकारिणी के मिश्रा अध्यक्ष

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उमा शाला में वर्ष 2025-28 के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षा समिति की नई कार्यकारिण का गठन किया गया है। चुनाव अधिकारी डा. आनंद मूर्ति अग्रवाल ने बताया कि 27 अप्रैल को हुए चुनाव में नई कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव कराया गया। इसमें डा. श्रीश कुमार मिश्रा को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. जवाहर लाल श्रीवास्तव, अभय शंकरराव बापते, सचिव डा. प्रफुल्ल कुमार शर्मा, सह सचिव प्रशांत चिपड़े, सदस्य संजीव निवसरकर, नेतराम सैनिक, विपिन कुमार वर्मा, प्रदीप सोनी, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, पदेन सदस्य प्रिया शिंगोटे, आमंत्रित सदस्य अरुण यादव राव गोवर्धन, छतराम स्वर्णकार, डा. आनंदमूर्ति अग्रवाल शामिल हैं। नई कार्यकारिणी ने 1 मई को अपना पदभार ग्रहण कर लिया।

### पीईटी-पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को

**बिलासपुर।** प्रदेश में व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली पीईटी और पीपीएचटी 8 मई को होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल की शाम 5 बजे तक मंगाए गए थे। फॉर्म में सुधार करने का अवसर 18 से 20 अप्रैल तक दिया गया। इसके साथ ही प्रवेश पत्र 29 अप्रैल को जारी कर दिए गए हैं। पीईटी परीक्षा 8 मई की सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। जबकि पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी।



# सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया शोभायात्रा का स्वागत

**बिलासपुर।** सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का देवकीनंदन चौक पर स्वागत किया गया। ब्राह्मण समाज के लोगों का पुष्पहार से स्वागत किया। इसमें पूर्व विधायक रजनीश सिंह, अरुण सिंह चौहान, आलोक सिंह, आदित्य सिंह, प्रियंक परिहार, विक्रम सिंह, बाटू सिंह, रविंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, जय प्रकाश सिंह,चित्रसेन सिंह, प्रशांत परिहार, प्रकाश सिंह, अतुल सिंह, प्रदीप सिंह, कमल सिंह, नीटू परिहार, बसंत सिंह, रौशन सिंह, किशोर सिंह, राजा ठाकुर, महेंद्र राणा, एस एस चंदेल, नंदभान सिंह, विमल सिंह,भरत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कल्याण सिंह,सत्येंद्र सिंह, हितेश सिंह, प्रतिज्ञा सिंह, विनोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, दिलीप ठाकुर, रवि सिंह, प्रशांत तोमर, देवाशीष सिंह, समर्थ सिंह, गौरव सिंह, रंजीत सिंह, करण सिंह, आकाश सिंह, विकास सिंह, मंयक गौतम, अशिताभ सिंह, उदित सिंह आदि मौजूद थे। इस दौरान उत्साह का वातावरण रहा। जगह-जगह सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस तरह के आयोजन को लेकर शहर में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। इसमें समाज की महिलाएं व पुरूष बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भगवान परशुराम के जयकारे के नारे लगाए।

**डीसीएम ने की पार्सल कार्यालय में ओपनिंग**

# निजी कंपनी करेगी पार्सल की गाड़ियों की पैकिंग

**बिलासपुर।** अब यात्रियों और व्यापारियों को अपने वाहन या किसी भी सामान को पार्सल में बुक कराने के लिए स्वयं पैकिंग करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस परेशानी को दूर करने के लिए बिलासपुर रेल मंडल ने बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में पैकिंग करने की सुविधा प्रदान कर दी है, जिसका ठेका एक निजी कंपनी को दिया है।



ट्रेन में सफर करने वाले कई ऐसे यात्री होते हैं, जो एक शहर को छोड़कर दूसरे शहर आना-जाना करते हैं। इस दौरान वे अपने सारे सामानों के साथ वाहन भी लेकर जाते हैं। इसी तरह का हाल व्यापारियों और शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारियों का भी होता है, जिन्हें ट्रेन से सामानों को बाहर भेजने की आवश्यकता होती है। सामानों के अलावा वाहनों को यात्री ट्रेन से भेजने के लिए अलग से एक एसएलआर कोच लगाए जाते हैं, जिसकी बुकिंग के साथ लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य स्टेशन के पार्सल कार्यालय में किया जाता है। सारे सामानों को पार्सल कार्यालय से ट्रेन से भेजने के लिए लोगों को स्वयं पैकिंग करनी पड़ती है, जिसमें उनका समय भी खराब होता है।

लोगों की परेशानियों को देखते हुए बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में कियोस्क सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार की दोपहर 1 बजे मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन ने किया। इस पहल का उद्देश्य पार्सल बुकिंग सुविधा को और अधिक सुविधाजनक एवं सुलभ बनाना है।

#### पार्सल सेवाओं में गुणवत्ता

यह कदम स्मार्ट स्टेशन के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रेल प्रशासन को आशा है कि यह सुविधा पार्सल सेवाओं में गुणवत्ता और दक्षता में वृद्धि लाएगी। यह सेवा यात्रियों की पार्सल संबंधित आवश्यकताओं को सुगमता से पूर्ण करने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होने के साथ ही इससे पार्सल सेवाओं में पारदर्शिता आएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**,सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर




### समग्र ब्राम्हण समाज ने मनाई जयंती

**बिलासपुर।** समग्र ब्राम्हण समाज एवं परशु सेना के नेतृत्व में भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम, राम झांकी,राधा-कृष्ण ,हनुमान और माँ काली की सजीव झांकियां आकर्षण का विशेष केंद्र रहें । नर्तक दलों ने शोभायत्रा का नेतृत्व किया। िजसे देखने सड़क पर लोगों की काफी भीड़ रही।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 3 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



सम्मान

## विप्र कुल गौरव से सम्मानित हुई डॉ सुनीता मिश्रा



**बिलासपर।** परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर देवकीनंदन स्कूल के धर्म सभा में परम पूज्य स्वामी चिन्मयानंद बापूजी के हाथों डॉ सुनीता मिश्रा को शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए विप्र कुल गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। डॉ सुनीता मिश्रा बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए वे जानी जाती हैं। धरोहर संस्था के द्वारा युवतियों और महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में और साहित्य में छंदशाला के माध्यम से छंदों के पुनरुत्थान का अभियान चला रही है। पूर्व में सीसीएन चैनल में एंकर, रेडियो रामन की स्टेशन मैनेजर,आर जे रह चुकी हैं और कुशल मंच संचालक की दायित्व का बखूबी निर्वहन करती हैं। साहित्य के क्षेत्र में इनका लेखन स्त्री विमर्श को रेखांकित करता है।

# पहली बार नीट की परीक्षा शहर के 21 शासकीय केन्द्रों में होगी

### 4 मई को 7 हजार 544 बच्चे होंगे शामिल, दो घंटे पहले अभियार्थियों को पहुंचने का निर्देश

नीट की परीक्षा रविवार को बिलासपुर सहित देश के कई शहरों में आयोजित की जा रही है। इस बार एनटीए द्वारा एग्जाम में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। परीक्षा का आयोजन हर वर्ष प्राइवेट स्कूल व कालेजों में किया जाता था, लेकिन पहली बार शहर के 21 शासकीय केन्द्रों में होगी। इस बार अहम बदलाव करते हुए छात्रों को परीक्षा के 2 घंटे पूर्व सेंटरों में पहुंचने का निर्देश दिया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा सेंटर में सुबह 11 बजे प्रवेश शुरु होगा। दोपहर 1:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नीट के एग्जाम हर वर्ष लिए जाते हैं, जिसमें पूरे देश से हजारों की संख्या में अभ्यिार्थी भाग लेते हैं। इस बार उक्त परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने कई ठोस निर्णय लिए गए हैं। केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जाता है। एनटीए की गाइडलाइन और एसओपी की अक्षरशः पालन किया जा रहा है। बिलासपुर के 21 केंद्रों में 4 मई की परीक्षा में 7 हजार 544 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के मेरिट के आधार पर तय होती है।



### ऑप्शनल प्रश्न इस बार नहीं रहेंगे

आचार्या इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया की नीट की परीक्षा पैटर्न में भी इस बार बदलाव किया गया है। पहले ऑप्शनल प्रश्न दिए जाते थे,मगर इस बार अभ्यर्थियों को दिए गए सभी प्रश्नों में ही पेपर को हल करना होगा। नीट परीक्षा में 180 प्रश्नों में कैमेस्ट्री, फीजिक्स, बॉटनी व जुलाजी विषय के प्रश्न रहेंगे। यह पेपर कुल 720 अंक का होगा, एक प्रश्न सही होने पर 4 अंक मिलेंगे व गलत होने पर एक नंबर माइनस हो जाएगा।

### पानी, बिजली व पुलिस की चाक-चौबंद तैनाती

गरमी के मद्देनजर बच्चों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी, व्हील चेयर की व्यवस्था व दिव्यांगजनों के लिए नीचे के कमरों में बैठने की व्यवस्था रहेगी। विद्युत व्यवस्था बाधित न हो, यह भी निर्देशित किया गया है। परीक्षा केंद्रों में जनरेटर की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से करने कहा गया है। केन्द्रों में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा, पुलिस अधिकारियों को भी चौकन्ना रहकर सुरक्षा के तमाम इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा आयोजन के लिए जारी एसओपी का अक्षरशः पालन करना है। सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। बच्चों को ज्यादा समय धूप में ना रहना पड़े।

### पेन तक नहीं ले जा पाएंगे अभ्यर्थी

नीट परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र व ओएमआर शीट के साथ उसकी कार्बन कॉपी भी केंद्र में ही जमा होगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर फोटो युक्त पहचान पत्र व प्रवेश पत्र तथा दो फोटो के साथ ही प्रवेश ले पाएंगे। इसके अलावा परीक्षार्थियों को पेन भी परीक्षा केंद्र पर ही उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रवेश पत्र पर निश्चित स्थान पर पासपोर्ट और पोस्टकार्ड साइज के फोटो लगा होना अनिवार्य है। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश व मोबाइल पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी।



### ये सामान नहीं ले जा सकेंगे परीक्षार्थी

परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी स्टेशनरी सामग्री जैसे टेक्स्ट मटेरियल, पेपर का टुकड़ा, ज्योमेट्री, पेन, पेंसिल बॉक्स, राइटिंग पैड, पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर नहीं ले जा सकेंगे। कम्युनिकेशन डिवाइस जैसे मोबाइल, फोन, ब्ल्यू टूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड नहीं ले जा सकेंगे। अन्य सामग्री जैसे वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग्स, बेल्ट कैप, घड़ी, कलाई घड़ी, कैमरा, आभूषण, मेटैलिक आइटम, खाद्य सामग्री खुले या पैक्ड, पानी की बॉटल भी प्रतिबंधित है। इसके अलावा माइक्रोचिप, कैमरा और ब्लूटूथ भी प्रतिबंधित है।

उत्सव

## रामानुज स्वामी के अवतरण दिवस पर पूजा, अनुष्ठान



**बिलासपुर।** डेढ़ सौ वर्ष प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर जबड़ापारा सरकंडा में इस वर्ष भी वैष्णवों ने भाष्यकार श्रीरामानुज स्वामी महाराज के 1008 वें अवतरण महोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया। सुबह से ही विशेष पूजा, अनुष्ठान, अभिषेक कर उत्थापन मंगला आरती की गई। वृंदावन से आए अभिनव गोपाल शरण महाराज के पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान रामानुज स्वामी का दक्षिण भारतीय परम्परागत विधि से पवित्र जल, दूध, दही, घी, शहद, शरकरा, पंचामृत, विभिन्न फलों के रस से भव्य महाअभिषेक, सहस्त्र अर्चना गुरु परंपरा स्त्रोत पाठ किया गया। तुलसी अर्चना, पुष्प, फल, मिष्ठान का भोग अर्पित कर महाआरती की गई। हरि नाम संकीर्तन के बाद भक्तों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक महंत प्रपन्न मिश्रा, शिवा, आचार्य दुर्गेश शुक्ला, प्रदेश धर्माचार्य रजनीकांत महाराज, गोपाल कृष्ण रामानुज, निखिल आश्रम से आए संत विशेष अग्रवाल, सुभाषनी मिश्रा, श्रेया मिश्रा, चक्रपाणि मधूसुदन दास, प्रितम महाराज, अशोक सोनी, प्रिंस सहित बड़ी संख्या में सेवादार व भक्तजन उपस्थित रहे।



### सोलापुरी माता पूजा : देवी नुकलम्मा के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

बारह खोली चौक स्टेशन रोड में आयोजित श्री सोलापुरी माता पूजा में शुक्रवार को कुमकुम पूजा का आयोजन किया गया। इसमें 6 सौ से अधिक सुहागिन महिलाओं ने भाग लेकर पूजा की। वहीं



पूजा की रजत जयंती वर्ष में पुजारी पार्थ सारथी ने गीली हल्दी से नुकलम्मा देवी की प्रतिमा निर्मित कर उनकी स्थापना की। इसका दर्शन करने श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# 6 सौ से अधिक सुहागिन महिलाओं ने की कुमकुम पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखंड सौभाग्य और संतान की मंगल कामना के साथ दक्षिण भारत में कुमकुम पूजा की परंपरा है। इस वर्ष यह आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें 610 सुहागिन महिलाएं सम्मिलित हुईं। निर्जला उपवास रखकर पारंपरिक दक्षिण भारतीय साज श्रृंगार कर महिलाएं सुबह पूजा पंडाल पहुंची। जहां कलश स्थापित कर धूप-दीप प्रज्जवलित किया गया। नैवेद्य अर्पित कर पुजारी पार्थ सारथी के साथ सभी वैदिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। यह शक्ति, सौभाग्य का सूचक है। जिसमें महिलाएं लक्ष्मी, दुर्गा और अन्य शक्ति स्वरूपा मां सोलापुरी की कृपा प्राप्त करने के लिए पूजा करती हैं। यह पूजा करीब 3 घंटे तक चली। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को कुमकुम लगाकर शुभता के प्रतीक पान एवं केला अर्पित कर अभिवादन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव और उनकी पत्नी वी हेमलता ने सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की।

### डेढ़ हजार लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

रामाराव दंपति ने दोपहर भोज का भी आयोजन किया। जिसमें व्रतधारी महिलाओं के साथ उनके परिजनों ने भी भोजन ग्रहण किया। करीब डेढ़ हजार लोगों ने यहां प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिदिन की भांति कुमकुम पूजा में सम्मिलित महिलाओं को भी निःशुल्क कूपन दिया गया। जिसका लकी ड्रॉ निकालकर 14 सौभाग्यशाली महिलाओं को चांदी का सिंदूरदान प्रदान किया गया।

### लकी ड्रॉ निकालकर दिया उपहार

मां सोलापुरी की पूजा-अर्चना करने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और प्रथम अस्पताल के डॉ रजनीश पांडेय पहुंचे। जिन्होंने देवी की आराधना कर पूरे प्रदेश के खुशहाली की कामना की। अतिथियों द्वारा लकी ड्रॉ निकालकर विजेताओं को उपहार भी प्रदान किए गए। बच्चों को स्टेशनरी तो महिलाओं को साड़ी, फोटो फ्रेम और सिंदूर दान उपहार में दिया गया।



### रासलीला का मंचन

श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव के अवसर पर विविध धार्मिक आयोजन भी हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार शाम को इंदौर के कलाकारों ने राधा-कृष्ण के वेश में रासलीला का मंचन किया। महिलाओं ने राधा कृष्ण बने कलाकारों पर पुष्प वर्षा की।

### बाल पुजारियों का मिल रहा सहयोग

मुख्य पुजारी पार्थ सारथी के साथ पूरे अनुष्ठान में बाल पुजारी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनका चयन कठिन कसौटी पर कसकर किया जाता है। यह अवसर मिलना परम सौभाग्यकारी माना जाता है। बाल पुजारी पूरे आयोजन के दौरान उपवास रहकर विविध अनुष्ठान पूरा करते हैं। इस बार 9 बाल पुजारी सेवा कार्य कर रहे हैं। जिनमें ए कार्तिक, डी दिलेश्वर, जयंत कुमार, बी राकेश, बी चेतन, गौरव, बी करुण्य राव, एन सिद्धांत रेड्डी और जी योगेश्वरी राव शामिल है।

### ये रहे विजेता

श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव में अतिथि के रूप में रतनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष लव कुश कश्यप, भाजपा नेत्री अंजू सिंह पहुंचे। जिन्होंने लकी ड्रा निकाला। लकी ड्रा में सोनी प्रसाद , पूजा, दिशा पांडेय, सोनू, जान्हवी साहू, ज्ञानेश्वरी, रीतिका ठाकुर, भानुप्रिया, लक्ष्मी यादव और नवीन सिंह विजेता रहे। जिन्हें विविध उपहार प्रदान किए गए।

# कोड ऑफ एथिक्स विषय पर सेमिनार



### दिया गया व्याख्यान

भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान शाखा द्वारा आईसीएआई भवन में कोड ऑफ एथिक्स विषय पर एक अर्द्धदिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर एवं समीपवर्ती क्षेत्रों के अनेक वरिष्ठ सीए सदस्य एवं नवोदित पेशेवर उपस्थित थे।

**बिलासपुर।** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान शाखा द्वारा बिलासपुर में अर्द्धदिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को नैतिकता, पेशेवर आचरण और नवीनतम नियामकीय अपेक्षाओं की गहन जानकारी प्रदान करना था। सेमीनार का संचालन मुख्य वक्ता सीए रजत अग्रवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने कोड ऑफ एथिक्स के विभिन्न पहलुओं जैसे कि स्वतंत्रता, गोपनीयता, सत्यनिष्ठा एवं व्यावसायिक व्यवहारिता पर विस्तृत व्याख्यान दिए। साथ ही उपस्थित सदस्यों के साथ सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें व्यावहारिक दृष्टिकोण से मुद्दों पर चर्चा हुई।

बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन पेशेवरों को अद्यतन बनाए रखने और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह सेमिनार आईसीएआई की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत वह अपने सदस्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप व्यावसायिक आचरण हेतु मार्गदर्शन करता है।

कार्यक्रम

## 10 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह गायत्री परिवार ने कराई शादी



**बिलासपुर।** देशहा श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग द्वारा श्रीवास भवन में आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह में 10 जोड़े परिणय सूत्र में आबद्ध हुए। गायत्री परिवार ने हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया। इस अवसर पर समाज के त्रिलोक श्रीवास ने नवयुगल को आशीर्वाद दिया। इस वर्ष भी सामूहिक विवाह में विवाह के लिए आने वाले परिवार के लिए बर्तन, खाना, रहना सहित कपड़ा, जूता समाज की ओर से दिया गया। पुष्पा सैनी ने गिफ्ट एवं साड़ी देकर नवयुगल को आशीर्वाद दिया। पिछले वर्ष सामूहिक विवाह में जिन लोगों ने सहयोग किया था, उनका श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग द्वारा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में सम्मान भी किया गया। श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास, सचिव चंद्रमणि श्रीवास, सह सचिव सुमित श्रीवास, कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास पत्रकार, सह कोषाध्यक्ष बसंत श्रीवास ने समाज के लोगों का सफल आयोजन में सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। सामूहिक विवाह संपन्न कराने में गायत्री परिवार के रामकुमार श्रीवास, गणेश श्रीवास, उधोराम प्रजापति, शत्रुहन कश्यप, पदमलोचन श्रीवास, सीताराम, लखन, महेश, बहोरन श्रीवास की भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के युवाओं व महिला विंग की सदस्यों का सहयोग रहा।

# जांजगीर-चांपा को 9 विकेट से हराकर बिलासपुर अगले राउंड में

सीनियर एलिट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार गेंदबाजी की बदौलत बिलासपुर की टीम ने जांजगीर-चांपा को 9 विकेट से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सीनियर एलिट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 2 मई शुक्रवार को बिलासपुर की टीम का दूसरा मुकाबला जांजगीर-चांपा टीम के साथ रायपुर के आरडीसीए मैदान में हुआ। बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जांजगीर-चांपा की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 118 रन बनाया। टीम की ओर से सौरभ जायसवाल और प्रवीण केंवट ने 18 रन, लव्यम राजपूत ने 15 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रेयम सुंदरम और मयंक यादव ने दो-दो विकेट, प्रवीण यादव, स्नेहिल चड्डा, मोहित राव, रवि रोशन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। जीत के लिए मिले 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम ने 11.3 ओवर में एक विकेट खोकर 120 रन बनाकर मैच 9 विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अभिजीत ताह और नावेद अली ने शानदार 98 रन की साझेदारी की। नावेद अली ने 33 गेंद में 5 चौके और तीन छक्के की मदद से 51 रन और अभिजीत ताह ने नाबाद 41 रन बनाया। जांजगीर-चांपा की ओर से एकमात्र विकेट दुर्गेश सोनवानी को प्राप्त हुआ। जांजगीर-चांपा से मैच जीतने के बाद बिलासपुर की टीम को चार अंक प्राप्त हुए। मैच के दौरान निर्णायक मंजीत सिंह, आशुतोष जाधव, थर्ड अंपायर नीतिन कठवार, स्कोरर मनोज तिवारी, महेन्द्र साहू, मैच के आब्जरवर नवीन श्रीवास्तव, टीम के कोच शैलेष सैम्युअल सहित खिलाड़ी मौजूद थे। बिलासपुर अब अपना तीसरा मैच रायपुर के साथ भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में 4 मई को खेलेगी।





# कोहिनूर ने दार्जिलिंग में जीता ख़िताब



इंटरनेशनल टेनिस एसोसिएशन आईटीएफ द्वारा दार्जिलिंग में आयोजित एमटी-200 टेनिस टूर्नामेंट में शहर के टेनिस खिलाड़ी कोहिनूर गोवर्धन ने युगल का खिताब अपने नाम कर लिया। इस टूर्नामेंट में कोहिनूर ने अपने जोड़ीदार विकास बिनानी के साथ फाइनल में सतीश कन्नन व संजय रे की जोड़ी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-2, 2-6, 10-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह कोहिनूर का पहला मास्टर्स खिताब है, जिला एवं राज्य टेनिस संघ इस शानदार उपलब्धि पर कोहिनूर को बधाई दी।

## निधन

### शुभम मिश्रा

**बिलासपुर।** सरकंडा बंगालीपारा निवासी शुभम मिश्रा का 26 वर्ष



की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हरि दयाल मिश्रा के पुत्र, ईश्वर दयाल मिश्रा के भतीजे और सौम्या मिश्रा के भाई थे।

### कालिंदरी बाई राजपूत

**बिलासपुर।** उसलापुर वैष्णवी



विहार निवासी श्रीमती कालिंदरी बाई राजपूत का शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे उसलापुर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुखराम की पत्नी, राम प्रसाद व शिव प्रसाद राजपूत की माता थीं।

### अरूण देवांगन

**तखतपुर।** देवांगनपारा निवासी



अरूण देवांगन 40 वर्ष का 2 मई को निधन हो गया। वे सगर देवांगन के पुत्र एवं अरविंद देवांगन के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### बनवाली छेदाम

**तखतपुर।** गोंड महासभा



तखतपुर के अध्यक्ष ग्राम खजुरी निवासी बनवाली छेदाम का 1 मई को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अतिंम संस्कार गृह ग्राम खजुरी में किया गया। वे शनि छेदाम के पिता थे।

## योजना की राशि दूसरे के खाते में हस्तांतरित, हितग्राही कर रहे इंतजार

# आवास योजना की किश्त में हेराफेरी दूसरे के खाते में पहुंचा लाभार्थी का पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

विकासखंड में पीएम आवास की राशि में हेराफेरी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है, जहां आवास हितग्राही को मिलने वाली राशि किसी दूसरे के खाते में डाली गई। मामला पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलाई गांव का है। गांव के अमरु पिता तिहारि राम के नाम से आवास स्वीकृत हुआ है। लेकिन विभागीय कर्मचारी एवं रोजगार सहायक की मिलीभगत से आवास की पहली किस्त 40 हजार रुपए हितग्राही अमरु की जगह मनहरण पटेल के खाते में डाल दी गई। इसी तरह ग्राम भिलाई के ही एक और आवास हितग्राही तिहारी की भी पहली किस्त की राशि विष्णु पटेल के खाते मे राशि डाली गई। अब दोनों हितग्राही आवास योजना की राशि के लिए भटक रहे हैं।

■ मामला पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलाई गांव का

हालांकि, इस पूरे मामले में पंचायत सरपंच से लेकर विभागीय पदाधिकारियों तक ने इसे मानवीय भूल बताते हुए असली लाभार्थी के खाते में जल्द से जल्द राशि भेजने की बात कह रहे हैं, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी राशि नहीं भेजी गई। उक्त जानकारी देते हुए हितग्राही अमरु ने बताया कि 7 माह बीत जाने के बाद भी मेरे खाते मे आवास की 40 हजार रूपए की राशि नहीं आई। साथ ही हितग्राही ने बताया कि इस मामले को लेकर जनपद सीईओ एवं कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत की गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।



आवास राशि के इंतजार में हितग्राही।

### 7 माह बाद भी कार्रवाई नहीं

ज्ञात हो कि पीएम आवास योजना संबंधित पथरिया में राशि हेर-फेर का यह कोई पहला मामला नहीं है। लगभग हर पंचायत में किसी न किसी हितग्राही का पैसा दूसरे के खाते में डाल दिया जाता है। कुछ माह पहले भी इसी तरह का मामला ग्राम पंचायत हथनीकला और कई अन्य ग्राम पंचायतों से सामने आया था। जहां पंचायत के सचिव और उनके स्टाफ ने गलती की थी। विभाग ऐसी गलती करने वाले कर्मचारियों पर नरमी बरतता है, यही कारण है कि यह घटनाएं लगातार हो रही हैं। जनपद सीईओ और जिम्मेदार अधिकारी इसे मानवीय त्रुटि मानकर दोषियों को केवल नोटिस दे देते हैं, जबकि सबको पता है इसके पीछे जानबूझ कर हेराफेरी की जाती है।

### पंचायत और जनपद के कर्मचारियों की मिलीभगत

हितग्राहियों ने बताया कि गांव के रोजगार सहायक व ऑफिस में बैठे लोगों के साथ मिलकर राशि में हेराफेरी की जाती है। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत भिलाई के रोजगार सहायक शिवशंकर ने बताया कि मेरे द्वारा आवास योजना के हितग्राहियों का सभी दस्तावेज जनपद कार्यालय मे जमा कर दिया जाता है। जो भी गलती होती है वह ऑफिस की तरफ से ही होती है।

### वसूली की कार्रवाई प्रक्रिया में है

ग्राम के सरपंच रानू पटेल ने बताया कि जिन दो लोगों के खाते आवास की राशि गलती से चली गई है, उनको पंचायत स्तर पर कई बार बोला जा चुका है। साथ ही जनपद कार्यालय से भी नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन वे खुद के आवास की राशि आने पर पैसा वापस देने की बात कहते हैं। मामले में नोटिस जारी की गई है, वसूली की कार्रवाई प्रक्रिया में है।

- **प्रदीप प्रधान**, जनपद सीईओ



नगर बंद कराने निकले संगठन के लोग।

## हिंदू संगठनों ने निकाली रैली, कराया शहर बंद

**गौरेला।** शुक्रवार को हिंदू संगठनों ने जन आक्रोश रैली निकाली और नगर बंद का आह्वान किया।

एक विवाह को लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध जताते हुए बंद का एलान किया था। सुबह से ही व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी दुकानें बंद रखीं और गौरेला के मरही माता मंदिर से बड़ी संख्या में हिन्दू एकत्र हुए। रैली गौरेला नगर भ्रमण कर संजय चौक पहुंची, जहां स्वामी परमात्मानंद, स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य, दीपक शर्मा भाजपा नेता बृजलाल सिंह राठौर, सचिन जैन, आशीष गुप्ता, बालकृष्ण अग्रवाल, रज्जे अग्रवाल, तापस शर्मा, वरूण मेठवानी, सुनील सोनी, अमित तिवारी ने घटना के विरोध में अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात सभी ने शासन के नाम कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर हिंदू संगठनों के धर्म जागरण, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सर्व हिंदू समाज, सहित संत समाज सहित बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए।

### अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**लोरमी।** आबकारी विभाग ने ग्राम परसवारा एवं महरपुर में छापेमार कार्रवाई कर,33 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं वाहन जप्त कर लिया। सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार को आबकारी उप निरीक्षक, जयसिंह मरकाम के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम परसवारा में दबिश देकर 25 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी संतोष कुमार ध्रुव पिता रामअवतार ध्रुव निवासी परसवारा को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही नगर के रेस्ट हाउस चौक से आरोपी आजूराम ढीमर, पिता दुलारी राम ढीमर निवासी महरपुर के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित एक टीवीएस बाइक जब्त की गई।

### कलेक्टर ने एटीआर क्षेत्र का किया दौरा, ग्रामीणों से विस्थापन पर की चर्चा



**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शुक्रवार 2 मई को अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने ग्राम छपरवा में ग्रामीणों से मुलाकात कर विस्थापन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से विस्थापन की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को विस्थापन के पश्चात नए स्थान पर उपलब्ध कराई जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे आवास, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के साधनों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विस्थापन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए सुचारू रूप से संपन्न की जाएगी। ग्रामवासियों ने भी अधिकारियों के साथ खुलकर संवाद किया और अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को हर संभव सहयोग एवं समर्थन देने का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर एटीआर गणेश यूआर, वनमण्डल अधिकारी अभिनव कुमार, एसडीएम अजीत पुजारी सहित गांव के सरपंच व पंच मौजूद रहे।

### क्षय उन्मूलन अभियान के तहत जिले को राज्य स्तरीय द्वितीय पुरस्कार



**मुंगेली।** निक्षय निरामय 100 दिवसीय राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले को राज्य स्तरीय द्वितीय पुरस्कार मिला है। यह सम्मान 30 अप्रैल को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रभातचंद्र प्रभाकर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने पुरस्कार को ग्रहण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त सह संचालक प्रियंका शुक्ला मौजूद रहे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले की इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है और आगे भी बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी सुदेश रात्रे ने बताया कि जिले में 7 दिसम्बर से 24 मार्च तक निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अंतर्गत टीबी, कुष्ठ एवं वयोवृद्ध देखभाल हेतु अभियान का आयोजन किया गया था, इसके अंतर्गत जिले में घर-घर जाकर सर्वे किया गया और टीबी के संदेहास्पद मरीज पाए जाने पर निशुल्क बलगम जांच व एक्सरे जांच की गई थी।

### धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**रतनपुर।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव की शुरुआत झांकी के साथ की गई। जो नगर भ्रमण के पश्चात धर्म सभा स्थल श्री राधा माधव धाम पहुंची। इसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि बीएन मिश्रा प्रांत अध्यक्ष धर्म यात्रा महासंघ विश्व हिंदू परिषद रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलेश्वर दिव्यकांत जी महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडी मिश्रा संरक्षक छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण सभा व निलेश पांडे निरीक्षक कोनी अर्चना झा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बलराम पांडे ने स्वागत भाषण तथा वर्ष भर ब्राह्मण सभा द्वारासंचालित कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। वहीं मुख्य अतिथि एसडी मिश्रा ने ब्राह्मणों की एकता तथा संस्कार पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में कुमारी आकांक्षा तिवारी चयनित नायब तहसीलदार, डॉ ललित शास्त्री तथा नवनिर्वाचित पार्षद शोभा दुबे का सम्मान किया गया।



2- May- BSP- P-5 FULL-PAGE_Layout 1 5/2/2025 11:49 PM Page 1





## खबर संक्षेप

### हसदेव एक्सप्रेस में लगी अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग

**बिलासपुर।** रायपुर से कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग आरक्षित चेयरकार कोच लगाया गया है। रेल प्रशासन ने यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में 18249/18250 रायपुर से कोरबा और कोरबा से रायपुर के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस में एक सेकेंड सीटिंग कोच की सुविधा 18249 रायपुर-कोरबा में 7 मई से तथा 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 8 मई से उपलब्ध रहेगी।

### 12 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हिर्री पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस को 12 लीटर शराब मिली है। पुलिस ने दोनों आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम कोपरा नहर पुल के पास बाइक में दो व्यक्ति शराब लेकर घुम रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को हिरासत में लिया। इस दौरान पकड़ में आए आरोपी के बैग की तलाशी ली गई। जिसमें 180 एमएल की 70 नग शीशी, जिसमें 12.600 लीटर शराब मिली। पुलिस ने मामले में सरसेनी निवासी गोविंदा नायक पिता राजकुमार नायक उम्र 21 साल और प्रमोद नायक पिता रामप्रसाद नायक उम्र 29 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** परसदा के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में पति व पत्नि घायल हो गए। आरोपी कार चालक के खिलाफ सकरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार संतोष बंजारे पिता पुरूषोत्तम लाल बंजारे परसदा में रहते हैं और पर्थरा स्कूल में व्याख्याता पद पर कार्य कर रहे हैं। 1 मई को उस्लापुर से अपनी पत्नि के साथ परसदा जा रहे थे। इस दौरान रात 9.45 को बचन बाई स्कूल के समीप अज्ञात कार चालक ने कार चलाते हुए उनकी स्कूटी सीजी 28 5217 को टक्कर मार दी।

### कार का दरवाजा खोला बाइक सवार को चोट

**बिलासपुर।** अचानक कार का दरवाजा खोलने पर सड़क पर चल रहे बाइक सवार के हाथ और पैर में चोट आई है। पुलिस ने इनोवा कार के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले के अनुसार घटना राजकिशोर नगर के आईसीआईसी बैंक के पास की है। आशीष कुमार साहू पिता राघेलाल साहू सकरी ग्रीन हाउस कालोनी क्वार्टर नंबर 6 में रहते है। शुक्रवार को 3.30 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एजेड 8187 से मोपका से राजकिशोर नगर चौक जा रहे थे। इस दौरान इनोवा कार क्रमांक सीजी 10 एपी 8700 के चालक ने कार का दरवाजा खोल दिया।

**जिला पंचायत की पहली सामान्य सभा** सदस्य का आरोप थाने में पैसा खिलाकर रात भर हो रही रेत की अवैध ढुलाई

# अवैध खनन और पानी के मुद्दे पर गरमाया सदन, एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत के नए कार्यकाल की पहली सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को विभाग के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम देश में लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करने के लिए बहुमत से प्रस्ताव पारित कर शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में रेत घाटों से रात-रात भर रेत की अवैध खुदाई व परिवहन का मुद्दा उठा। सदस्य ने आरोप लगाया कि इस कार्य में संलिप्त लोग थानों में पैसे खिलाकर इस कार्य को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। बैठक में गांवों में पानी की कमी को लेकर भी सदस्यों की नाराजगी देखी गई। सामान्य सभा की बैठक के दौरान तखतपुर से जिला पंचायत सदस्य भारती नीरज माली ने कहा कि निरतू, लोखंडी व तखतपुर में रेत की रात-रात भर अवैध तरीके से खुदाई व परिवहन हो रहा है, लेकिन खनिज विभाग व थानों से सेटिंग हो जाने के कारण इनके द्वारा अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। इसी तरह नल जल योजना के अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकियों में पानी ही उपलबध नहीं होने की शिकायत उन्होंने की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के करीब 20 गांवों में बनी टंकियां ऐसी हैं, जहां पानी या तो है ही नहीं, या पानी का प्रेशर इतना कम है कि ऊपर तक चढ़ ही नहीं पा रहा है। उन्होंने पीएचई विभाग से तत्काल इसका भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग की।तखतपुर क्षेत्र से सदस्य शिवेंद्र प्रताप कौशिक ने धमधा और विचारपुर में स्कूल बिल्डिंग की छत टूट जाने और मांग करने के एक साल बाद भी सुधार नहीं होने की बात कही। शिक्षा विभाग ने जल्द प्राक्कलन भेजकर स्वीकृति लेने का आश्वासन दिया है। श्री कौशिक ने सदन को बताया कि उनके क्षेत्र के करीब 50 स्कूल ऐसे हैं, जो एकल शिक्षकीय हैं। इसके विपरीत सड़क से लगे स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में अधिक शिक्षक हैं। उन्होंने इस पर तत्काल एक्शन लेने की मांग की है। उन्होंने बिनौरी व नवांगांव में मिडिल स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को तीन किलोमीटर दूर काठाकोनी में पढ़ाई करने जाने का मुद्दा उठाया।



### शत प्रतिशत रही सदस्यों की उपस्थिति

जिला पंचायत में कुल सत्रह सदस्य हैं, जिसमें शुक्रवार को हुई सामान्य सभा की पहली बैठक में सभी सत्रह सदस्य उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि पहली बैठक न केवल सभी सदस्यों की मौजूदगी में हुई, बल्कि बैठक में सभी जिला अधिकारियों की मौजूदगी भी रही, जिससे सभी एजेंडों पर चर्चा कर आवश्यक समाधान भी प्राप्त किया गया।

मस्तूरी क्षेत्र से सदस्य राजेंद्र धीवर ने जुहली और कारीछापर में जिंदल कंपनी द्वारा वन विभाग की अनुमति के बगैर लगातार पहाड़ पर खुदाई करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति इस तरह खुदाई करने से क्षेत्र के किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। इसी तरह सीपत में बीएमओ के प्रभारी होने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावित होने का मामला भी उन्होंने सदन में रखा। उन्होंने बिटकुला में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 50 लोगों की राशि अन्य लोगों के खाते में ट्रांसफर हो जाने की बात भी कही। उन्होंने इस मामले की व्यापक स्तर पर जांच कराने की मांग की।

मस्तूरी क्षेत्र की सदस्य अरूणा चंद्रप्रकाश सूर्या ने भी सदन को नल जल योजना की बुरी स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में किए गए कुल बोर व आज की स्थिति में चालू व बंद बोर की जानकारी मांगी। इसी तरह मुड़पार, एरमसाही, गतौरा, बेलटुकरी व दर्राभाठा में नया बोर कराने की मांग की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की कि जोंधरा, लोहर्सी व कुकुर्दीकेरा स्वास्थ्य केंद्रों में में पदस्थ किए गए कुल कर्मचारियों में आधे की ही उपस्थिति देखी जाती है। उन्होंने तत्काल संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। उन्होंने जयरामनगर-गतौरा रोड में ओवरलोड वाहनों पर भी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि सड़क को खराब होने से बचाया जा सके।

बैनर-पोस्टर को लेकर नगर निगम के पास कोई नियम और प्रावधान नहीं

# शहर की खूबसूरती बिगाड़ रहे होर्डिंग और पोस्टर, अधिकांश एंट्री का संकेतक ढंका



अग्रेसन चौक।



महाराणा चौक।



मगरपारा चौक।



रघुराज सिंह स्टेडियम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में अवैध तरीके से लगे होर्डिंग और पोस्टर शहर की खूबसूरती बिगाड़ रहे हैं। शहर में ऐसा कोई चौक चौराहा नहीं जहां अवैध होर्डिंग्स की भरमार न हो। यह हादसों का कारण भी बन रहे हैं। बावजूद इसके नगर निगम और जिला प्रशासन उदासीन है। इसके साथ ही शहर के अधिकांश सिग्नल और एंट्री के संकेतकों को पोस्टरों से ढंक दिया गया है। इसे रोकने के लिए कोई नियम ही नहीं है। उसलापुर, महाराणा प्रताप चौक से लेकर सरकंडा तरफ के एंट्री और बड़ी बिल्डिंगे बैनर पोस्टर और होर्डिंग्स से ढंके देखे जा सकते हैं। एक दिन पहले चली तेज आंधी तूफान में इनमें से कई बैनर पोस्टर गिर भी गए। अच्छी बात यह रही कि कोई दुर्घटना नहीं हुई। ध्यान रहे कि शहर में पहले भी इसी कारण एक युवक की मौत भी हो चुकी है।

शहर के चौराहों के ट्रैफिक सिग्नल और सड़कों में प्रमुख स्थानों की दूरी और वहां दिशा बताने वाले ज्यादातर एंट्री होर्डिंग्स और बैनर-पोस्टरों से पूरी तरह ढंक दिए गए हैं। इससे आने- जाने और वहां से आने वालों को सिग्नल ही नहीं दिख रहा है। इससे यहां हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। लोग अनुमान से चौराहा पार कर रहे हैं। दूसरी ओर प्रमुख स्थानों की दिशा बताने वाले संकेतकों के ढंक जाने से लोगों को यही पता नहीं चल पा रहे है कि उन्हें कहां जाना है। खासकर बाहर से आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैनर-पोस्टर को लेकर नगर निगम के पास कोई नियम और प्रावधान नहीं है। इस वजह से बधाई और स्वागत के अलावा अन्य सभी तरह के बैनर पोस्टर व होर्डिंग्स कहीं भी किसी भी जगह लगा दी जा रही है।

### दंड का प्रावधान, कार्रवाई किसी पर नहीं

ज्ञात हो कि पूरे छत्तीसगढ़ में सरकारी खंभों, चौक के सिग्नल्स, रोटेटरी इत्यादि में बिना नगर निगम की अनुमति के बैनर-पोस्टर लगाना संपत्ति विरुपण अधिनियम 1994 के तहत अपराध है। इस कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माने का प्रावधान है। नगर निगम ने दीवारों पर व्यावसायिक पोस्टर इत्यादि चस्पा करने के मामले में कई कार्रवाइयां की हैं। शिकायतों के बाद लगातार जुर्माना भी वसूला, लेकिन खंभों और सिग्नल इत्यादि में बैनर-पोस्टर लगाने के मामले में कभी किसी राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### नए क्षेत्रों की होर्डिंग्स का निगम के पास रिकार्ड ही नहीं

दूसरी ओर 6 वर्ष पूर्व नगर निगम क्षेत्र के निजी भवनों में लगे होर्डिंग्स ही नगर निगम के रिकार्ड में दर्ज हैं। इनकी संख्या 181 है। दूसरी ओर निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्रों में कितने होर्डिंग्स हैं इसका निगम में कोई हिसाब नहीं है। इससे नगर निगम को लगातार राजस्व की क्षति हो रही है। इन होर्डिंग्स को लगाने वालों से जुर्माना वसूल करना तो दूर नगर निगम ने इनकी पहचान करने के लिए भी कोई कार्रवाई अब तक नहीं की है। देखा जाए तो नगर निगम में आय के साधन के रूप में होर्डिंग्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। होर्डिंग्स में लगने वाले फ्लैक्स और बैनर विज्ञापन की श्रेणी में आते हैं। इससे मिलने वाले राजस्व से निगम अपने स्थापना संबंधी व्यय की पूर्ति करता है। नगर निगम में वर्ष 2019 में परिसीमन के बाद तिफरा नगर पालिका परिषद, सकरी व सिरगिट्टी नगर पंचायत के साथ ही 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। वर्ष 2019 के पहले नगर निगम में होर्डिंग्स की संख्या 170 के करीब थी।

### इन क्षेत्रों में लगे होर्डिंग्स

निगम सीमा क्षेत्र के सकरी, मोपका, चिल्हाटी, कोनी, सरकंडा, देवरीखुर्द, सिरगिट्टी, घुरू अमेरी, रायपुर रोड स्थित तिफरा समेत कई क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग्स की भरमार है। इसके साथ ही अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, मंगला चौक, राजीव गांधी चौक से लेकर सरंकडा में अवैध होर्डिंग्स और बैनर पोस्टर लगाए गए हैं। नगर निगम ने नए क्षेत्रों में अब तक कार्रवाई नहीं की है। इसके साथ ही कई जगह ऐसे होर्डिंग भी लगे हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। होर्डिंग्स से होने वाली दुर्घटनाओं व जनहानि के लिए एजेंसी जिम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### निर्देशित किया गया है

सभी विज्ञापन एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जहां होर्डिंग लगा हैं, वहां सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए। आकाशीय बिजली के साथ ही आंधी-तूफान से हादसे की आशंका रहती है। इसलिए नियमों का ख्याल रखा जाए। विज्ञापन एजेंसियों से स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी सर्टीफिकेट भी मांगा गया है।

**-अमित कुमार,** निगम कमिश्नर

# सेलम में यार्ड रिमाडलिंग से ट्रेन चलेगी डायवर्ट रूट से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण रेलवे के सेलम रेल मंडल में यार्ड रिमाडलिंग से ट्रेनों का डायवर्ट रूट से चलाया जाएगा। इसके अलावा दूसरे जोन के महबूबाबाद स्टेशन में इंटरलाकिंग के कारण कोरबा से रवाना होने वाली लिंक एक्सप्रेस के पहिए थम जाएंगे।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण रेलवे के सेलम रेल मंडल अंतर्गत स्टेशन में रेल यार्ड रिमाडलिंग कार्य किया जाएगा। इसके कारण दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित रूट से करने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ियां परिवर्तित मार्ग पोत्तनूर जंक्शन, इरूगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन से होकर रवाना की जाएगी। 5 मई को तिरुनेलवेली जंक्शन से चलने वाली 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होकर, 7 मई को एर्नाकूलम जंक्शन से चलने वाली 22816 एर्नाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होकर, 11 मई को तिरुनेलवेली जंक्शन से रवाना होने वाली 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होकर, 14 मई को एर्नाकूलम जंक्शन से चलने वाली 22816 एर्कूलम-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होकर चलाई जाएगी। इसके अलावा 19 मई को तिरुवनंतपुरम सेंट्रल से चलने वाली 22648 तिरुवनेतपुरम-कोरबा एक्सप्रेस और 24 मई को कोरबा से रवाना होने वाली 22647 कोरबा-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस विलंब से रवाना होगी।



इस जोन के अलावा सिकंदराबाद रेल मंडल के महबूबाबाद स्टेशन में नान इंटरलाकिंग कार्य 23 से 29 मई तक किया जाएगा। इस कार्य के दौरान महबूबाबाद से जोड़ने के लिए काजीपेट जंक्शन एवं खेरली जंक्शन के बीच तीसरी लाइन पैच ट्रिपलिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। नान इंटरलाकिंग ब्लाक की वजह से 28 मई को कोरबा से रवाना होने वाली 22647 कोरबा-तिरुवनंतपुरम कोचिवली एक्सप्रेस और 26 मई को तिरुवनंतपुरम कोचिवली से चलने वाली 22648 तिरुवनंतपुर कोचिवली-कोरबा एक्सप्रेस रद्द की जाएगी।

# रिश्वतखोर चीफ इंजीनियर के दस्तावेज खंगाल रही सीबीआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय में कार्यरत चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के खिलाफ सीबीआई की जांच अभी पूरी नहीं हुई है।

■ सीबीआई की जांच अभी नहीं हुई है पूरी

सीबीआई रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में पहुंचकर चीफ इंजीनियर के खिलाफ दस्तावेज खंगालने के साथ अन्य अधिकारियों से पूछताछ भी कर रही है। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पहले सूचना मिलने पर सीबीआई की टीम ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय के कंस्ट्रक्शन विभाग में रोड एंड सेफ्टी ओपन लाइन के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद को 32 लाख रुपए की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया था। टीम ने बिलासपुर के साथ रांची और बिहार में भी छापामार कार्रवाई की है, जिसके बाद टीम को चीफ इंजीनियर के घर से 70 लाख रुपए और उसके भाई कुणाल आनंद के घर से एक किलो सोना मिला था। इसके अलावा टीम को चीफ इंजीनियर के ज्वेलरी शॉप, रेडिमेड गारमेंटस शॉप सहित अन्य संपत्तियों की भी जानकारी मिली है।

रांची के साथ ही एक टीम बिलासपुर के रेलवे रेस्ट हाउस में भी रूकी हुई है। शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को बुलाकर चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के संबंध में पूछताछ की, इस दौरान उनके कार्यों से संबंधित दस्तावेज को भी खंगाला गया है।

# बिजली के तार से बच्ची की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सीपत के ग्राम हिंडाडीह में खेत में मिली 10 साल की बच्ची के शव के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अवैध कनेक्शन द्वारा खेत में बिजली पहुंचाई थी, इसके लिए बिछाए गए तार में बच्ची फंस कर मौत के गाल में समा चुकी है।

सीपत थाना के अनुसार सरिता धुनवार पिता रामानंद धनुहार उम्र 10 वर्ष का शव खेत में पड़ा मिला था, शव को देखने से करंट द्वारा मौत की पुष्टि हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की। इस दौरान पीएम में मृतिका के



दाहिने पैर, बांए हाथ के अंगूठा और शरीर में जलने के निशान पाए गए थे। एफएसएल की टीम एवं विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री को सूचना दी गई। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी कमलेश सर्वशं द्वारा बिजली के खम्भा से चोरी कर अवैध कनेक्शन लिया गया था, जीआई तार में करेंट प्रवाहित हो रहा था। इसी जीआई तार के चपेट में आने से सरिता की मृत्यु हुई थी। पुलिस ने आरोपी पर 105 बीएनएस एवं धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी ने अपराध घटित करना स्वीकार कर लिया है जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। विवेचना में थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, सउनि कमल फूल साहू, सहेत्तर कुर्रे, जयपाल बंजारे, सुबंध साय सिदार, आरक्षक गजानंद यादव, आकश मिश्रा, प्रकाश जगत, राजेंद्र साहू, ज्योति जगत का विशेष योगदान रहा।




### बिजली का बिल मांगने पर दुकान मालकिन से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** 4 माह से रह रहे किराएदार से बिजली बिल का पैसा मांगना मकान मालकिन को भारी पड़ गया। आरोपी किराएदार ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। दुकान मालकिन ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। मामले के अनुसार अनिता कुमारी गोड़ पति निर्भय कुमार गोड़ गौतम विहार महर्षि स्कूल रोड की रहने वाली है। उसलापुर स्टेशन के पास उनकी दुकान है। दिसंबर 2024 को उन्होंने भास्कर श्रीवास को दुकान किराए पर दिया था। किरायादार ने मार्च में दुकान का किराया ऑनलाइन भुगतान कर दिया, लेकिन बिजली बिल 2780 रूपए का भुगतान नहीं किया। 3 अप्रैल को श्रीमति अनिता ने दुकान का बिजली बिल भुगतान करने की बात भास्कर श्रीवास से कही, इसपर किराएदार ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। इस दौरान अन्य किराएदार अलख निरंजन से बीच बचाव किया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में दूर होगी डाक्टर की कमी

**बिलासपुर।** प्रदेश में एक के बाद एक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल खोले जा रहे हैं, कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भी कई महीनों से डाक्टर की कमी बनी हुई है, हालांकि 4 डाक्टर की नियुक्ति की जा चुकी है। इस बीच सरकार ने 1 मई से डाक्टरों के वेतन में वृद्धि कर दी है, जिसके बाद से अब सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डाक्टरों की भर्ती करना आसान होने की उम्मीद है।

■ सरकार ने बढ़ाया वेतन

सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में काम करने वाले संविदा डाक्टरों के वेतन में राज्य सरकार ने बढ़ोत्तरी की है। 50 से 80 हजार रूपए की बढ़ोत्तरी होने के बाद अब प्रोफेसर को 3 लाख रूपए तक का वेतन मिल सकेगा, यह वेतन अनुसूचित जाति व जनजाति क्षेत्रों के लिए बढ़कर 3 लाख 30 हजार रूपए की गई है। राज्य स्थापना के बाद पहली बार सुपर स्पेशलिटी संविदा डाक्टर के वेतन में वृद्धि की गई है। बताया जा रहा है कि राज्य सरकार एक के बाद एक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल खोल रही है, लेकिन इन अस्पतालों में काम करने के लिए डाक्टरों की नियुक्ति करना संस्थान के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहा है, लाखों के पैकेज के बावजूद डाक्टर सेवा देने के लिए तैयार नहीं है, जिसके चलते अस्पताल खुलने के बाद भी मरीजों को इसका फायदा नहीं हो रहा है। ऐसा ही हाल कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का भी हो चुका है, हाल ही में 2 कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई है, जबकि अस्पताल को खुले 6 माह से ऊपर हो चुका है। बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में महज 11 डाक्टर ही सुपर स्पेशलिटी के तौर पर कार्यरत है। कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कैंसर सर्जरी, पेडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, नेफ्रोलॉजिस्ट, न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलाजिस्ट, की आवश्यकता है।

### डाक्टरों को रोकना होगा आसान

वेतन बढ़ने के बाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डाक्टरों को रोकना आसान होगा। अबतक डीएम और एमसीएच लेवल के डाक्टरों को भी दो से ढाई लाख रूपए मिल पाते थे, जिसके चलते उन्हें नौकरी छोड़कर जाना पड़ता था लेकिन वेतन 3 लाख के आसपास होने से ऐसे डाक्टरों को संविदा के तौर रखना आसान हो सकता है लेकिन जानकारों के मुताबिक अन्य राज्यों की तुलना में अभी भी सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के वेतन प्रदेश में कम है।

### इतनी मिलेगी सैलरी

सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में संविदा के तौर पर काम करने वाले सुपर स्पेशलिस्ट प्रोफेसर को 3 लाख रूपए दिए जाएंगें, इसके साथ ही एसोसिएट प्रोफेसर 2 लाख 50 हजार, असिस्टेंट प्रोफेसर 1 लाख 50 हजार और सीनियर रेसीडेंट 1 लाख पाने की पात्रता होगी। वहीं अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत संविदा डाक्टरों को इस वेतन के अलावा 30 हजार रूपए अतिरिक्त बढ़ोत्तरी की गई है। इस हिसाब से प्रोफेसर को 3 लाख 30 हजार रूपए मिलेंगें। अन्य डाक्टरों के वेतन में भी 30 हजार की बढ़त होगी।

### 1 मई से लागू

शासकीय सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में कार्यरत संविदा डाक्टरों वेतन बढ़ोत्तरी का आदेश 1 मई से प्रभावशील हो चुका है। खास बात यह है कि डाक्टरों के निजी प्रैक्टिस की जानकारी मिलने पर 20 फसीदी की राशि काटी जाएगी। साथ ही इन डाक्टरों को आयुष्मान योजना से भी प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है।

